तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 26 नवंबर 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



10 गलत फोटो लगाकर बैंक से महिला की जमीन पर…





10 रासेयो शिविर जिंदगी में जोश, उमंग एवं …









## खबर संक्षेप



### भानबेड़ा केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत भानबेड़ा के धान खरीदी केंद्र में 25 नवंबर से धान खरीदी का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। अब क्षेत्र के किसान भानबेड़ा में अपना धान लाकर बेच सकेंगे। इस अवसर पर भानबेड़ा लैम्स के उपाध्यक्ष भागबली जैन, सरपंच जागेश्वर सिंह नरेटी, ग्राम पटेल दुर्योधन नुरूटी, विजय दर्रो, राममिलन शोरी, जितेंद्र पांडे, पीलाबाई यादव, खेमलाल साहू, रामगुलाल नुरूटी, सुरेंद्र जैन, जिला सहकारी बैंक भानुप्रतापपुर के शाखा प्रबंधक खान मैडम, खरीदी केंद्र के प्रबंधक अभिषेक दरपट्टी एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित रहें।

### मेडिकल अधिकारी और स्टाफ को मिला प्रशिक्षण



**नरहरपुर।** डायबेटिक रिटिनोपैथी की स्क्रीनिंग करने के लिए एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया की उपस्थिति में किया गया। नरहरपुर विकासखंड के मेडिकल ऑफिसर समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर डॉ. उर्विन शाह व एम्स दिल्ली से प्रशिक्षित डॉ. चन्द्रकांत मित्ता ऑप्थलमोलॉजिस्ट, डॉ. आशीष साहू सहायक नेत्र चिकित्सक एवं कोमलदेव ज़िला चिकित्सालय कांकेर से डॉ. मुक्ता हलदर, डॉ. लोकेश देव जिला नोडल अधिकारी, जिला सलाहकार एनसीडी डॉ. योगेश प्रजापति के द्वारा ट्रेनिंग दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले मे पहली बार इस मशीन से जांच का प्रशिक्षण दिया गया है।

**लापरवाही**

### जिला अस्पताल परिसर में आठ करोड़ की लागत से भवनों का 2021 से निर्माण जारी

# ओपीडी, आईसीयू एवं अन्य भवनों के निर्माण में विलंब, विधायक भड़के

### विधायक ने सब इंजीनियर व ठेकेदार को लगाई फटकार, काम को जल्द पूरा करने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- अधिकारी समय पर कार्य पूरा नहीं करने का नहीं बता पा रहे कारण
- निर्माण सामग्री फैली होने के कारण मरीजों व परिजनों को होती है दिक्कत

जिला अस्पताल में दो साल पहले डीएमएफ से 8 करोड़ की राशि से जिला अस्पताल परिसर में ओपीडी, आईसीयू व अन्य भवन के लिए जून 2021 में स्वीकृति दिया गया था और इस कार्य को अभी तक पूरा हो जाना था। मानीटरिंग के लिए लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर को दायित्व दिया गया था, परंतु सब इंजीनियर व ठेकेदार की लापरवाही के चलते आज तक भवन नहीं बन पाया। निरीक्षण पर पहुँचे विधायक आशाराम नेताम ने सोमवार 25 नवंबर को सब इंजीनियर व ठेकेदार को जमकर फटकार लगाया। जानकारी के अनुसार डीएमएफ ने जिला निर्माण समिति को लगभग 8 लाख की स्वीकृति दिया था और जिला निर्माण समिति के द्वारा निविदा निकालकर कार्य दल्ली राजहरा के ठेकेदार को काम दिया गया। इस कार्य की मानीटरिंग के लिए लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर को दायित्व सौंपा गया। जिला अस्पताल में बन ▸▸ शेष पेज 08 पर



#### समय पर काम क्यों नहीं हुआ पूरा

भवन को बनाने के लिए डीएमएफ के द्वारा पहली किश्त के रूप में 4 करोड़ की राशि को जारी कर दिया गया था, वहीं दूसरी किश्त की माँग आज तक नहीं किया गया। काम में देरी होने के कारण को अधिकारी नहीं बता पा रहे है। निर्माण स्थल पर किसी भी तरह का बोर्ड नहीं लगे होने के कारण यह किसी को नहीं पता चल पा रहा है कि यह काम कितने समय में पूरा हो जाना चाहिए था।

#### आने जाने में होती है दिक्कत

जिला अस्पताल में सैकड़ो लोगों का आना जाना रहता है, परंतु जगह जगह बिल्डिंग मटेरियल का सामान पड़ा रहने के कारण मरीज व उनके परिजनों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जगह की कमी के कारण रास्ते में ही स्टाप, मरीज व उनके परिजन वाहन को रख देते है, जिसके चलते बवाल मचता रहता है।

#### अधिकारियों की लापरवाही उजागर

जिला मुख्यालय कांकेर के अस्पताल में बन रहे भवन को समय पर नहीं बनवा पाने से यह स्पष्ट है कि इस निर्माण में काम करवाने वाले अधिकारी ही पूरी तरह से लापरवाह है, जिसके चलते यह दिक्कत हो रही है। विदित हो कि तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने कांकेर लोक निर्माण विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर के बारे में एक पत्र उच्च अधिकारियों को लिखा था कि यह किसी काम के नहीं है, कोई बीमारी का हवाला देता है और कोई छुट्टी लेकर चला जाता है, जिससे कांकेर लोक निर्माण विभाग की प्रोगेस रिपोर्ट सही नहीं है।

#### लोक निर्माण विभाग गंभीर नहीं

भवन व सरकारी काम को समय पर नहीं करने वाले ठेकेदार और क्रियान्वयन करवाने अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं करवाते है, तो इससे यह तय है कि कांकेर का विकास जो समय पर होना चाहिए, वो हो पाना संभव नहीं है। लोक निर्माण विभाग में काम करने वाले कुछ ठेकेदारों का कहना है कि 10 साल से अधिक समय से पदस्थ्स सब इंजीनियर का जब तक स्थांतरण नहीं होगा, व्यवस्था में सुधार हो पाना संभव नहीं दिख रहा है।

## लैंपस रिकार्ड में वनभूमि अधिकार की जमीन नहीं, किसानों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

- एसडीएम ने शिकायत सुनकर समस्या का किया निराकरण



विकासखंड भानुप्रतापपुर के संबलपुर से कई किसान शिकायत लेकर अनुविभागीय कार्यालीय पहुँचे और शिकायत किया कि हमारी वनभूमि अधिकार पत्र की जमीन लैंपस के रिकार्ड में दर्ज नहीं है, ऐसे में धान कैसे बेच पाएंगे। एसडीएम ने किसानों की समस्या के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और समाचार लिखे जाने के पहले किसानों की समस्या का निराकरण भी कर दिया गया।

संबलपुर क्षेत्र से भानुप्रतापपुर अनुविभागीय कार्यालय में गुस्से में पहुँचे सैकड़ो किसानों का कहना था कि भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के वनभूमि अधिकार पत्र धारक के किसानों लैंपस में रिकार्ड दर्ज नहीं होने से धान नहीं बेंच पा रहे है। ज्ञापन देने के बाद भी हम लोगों की समस्या का निदान नहीं किया गया तो हम लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। किसानों ने तीन दिवस के अंदर रिकार्ड में संशोधन कर वनभूमि अधिकार पत्र को शामिल नहीं करने और धान नहीं खरीदने पर आंदोलन की बात कही। नाराज किसानों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से जब वह इन वनभूमि अधिकार पत्रों के माध्यम से अपनी फसल को बेंज पा रहे थे, इन वन भूमि पत्तों पर उन्हें सहकारी बैंक से लोन भी मिला है, उसके बावजूद रिकॉर्ड में वन भूमि अधिकार पत्र के रकबा शून्य बताना जिम्मेदारों की लापरवाही लग रहा है। भानुप्रतापपुर एसडीएम आस्था राजपूत ने कहा कि कुछ ▸▸ शेष पेज 08 पर






**सीएमओ का अधिकारियों को निर्देश और हितग्राहियों से अपील**

# अपूर्ण पीएम आवासों को 31 तक पूरा करने की सख्त हिदायत जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय से परिपत्र जारी



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों को मिशन अवधि 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा, जिन हितग्राहियों के द्वारा 31 दिसम्बर तक आवास का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन्हें इसके बाद राज्य सरकार द्वारा पैसा नहीं प्रदान किया जाएगा।

नगर पालिका कांकेर के सीएमओ सोहेल कुमार ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय नया रायपुर अटल नगर के द्वारा जारी परिपत्र में भारत सरकार के आश्वासन और शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र के संदर्भ में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय के समस्त अधिकारी को पत्र भेजकर भारत सरकार के निर्देश से अवगत कराते यह स्पष्ट हिदायत दिया है कि मिशन अवधि 31 दिसम्बर 2024 के बाद किसी प्रकार का वित्तीय अनुदान राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगरीय निकायों को नहीं दिया जाएगा। इसी आदेश के ▸▸ शेष पेज 08 पर

#### आदेश आने से मचा हडकंप

पीएम आवास को लेकर इस आदेश के आने के बाद से आवास निर्माण करवाने वालों में हड़कंप मच गया है और अपने आधे अधूरे आवास के निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने के लिए मिस्त्री व मजदूर का चक्कर काटते निर्माण कार्य जल्दी पूरा कर देने मिन्नत करते फिरने लगे हैं। नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास निर्माण करवाने वाले हितग्राहियों को जी जान से जुटकर अपने आवास का निर्माण कार्य ऐन केन प्रकारेण 31 दिसम्बर के पूर्व पूर्ण कर लेना चाहिए।


**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### सास-बहू सम्मेलन का किया गया आयोजन

दुर्गुकोंदल। विकासखंड दुर्गुकोंदल अन्तर्गत ग्राम आमागढ़ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आमागढ़ में सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सास बहूओं का सम्मान किया गया और साथ ही सिस्टर सुनिता टांडिया, सरोज नरेटी, डां रुद्रा प्रताप दुग्गा के द्वारा परिवार नियोजन के बारे में विस्तार से सभी सास बहू को जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उत्तरा बाई सिन्हा, नूतन बढ़ाई, लक्ष्मी शर्मा, कलिता मेरिया, केशरी विश्वकर्मा, रेशमा उईके, सुरेखा, माधवी, नीता बाई, ममता बाई, यशोदा बाई सहित अधिक संख्या में सास बहू सम्मेलन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### डायबेटिक नेफ्रोपैथी निदान शिविर आज

कांकेर। राज्य शासन एवं निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया के मार्गदर्शन में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में पहली बार डायबेटिक नेफ्रोपैथी (खून में उच्च शर्करा की मात्रा के कारण किडनी व अन्य अंगों को प्रभावित करता है) के निदान के लिए सिविल अस्पताल पखांजूर में एक दिवसीय परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन 26 नवम्बर को राज्य स्तरीय चिकित्सकीय टीम द्वारा किया जाएगा। उक्त शिविर में एम्स रायपुर के किडनी रोग विशेषज्ञ (नेफ्रोलॉजिस्ट) डॉ. विनय राठौर व अन्य डॉक्टरों के द्वारा एनसीडी की स्क्रीनिंग की जाएगी।

### कोदापाखा में जिला जसनि कल होगा

कांकेर। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोदापाखा में 27 नवंबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त शिविर ग्राम पंचायत भवन कोदापाखा में सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक लगाया जाएगा, जिसमें ग्राम मेड़ो, कोदापाखा, बांगाचार, पाउरखेड़ा, सुखई, सिहारी, दुर्गूकोंदल, कर्रामाड़, खुटगांव, भण्डारडिगी और हानपतरी के ग्रामीण शामिल होंगे। कलेक्टर ने उक्त शिविर में ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

## निधन

### पतिराम सिन्हा

दुर्गुकोंदल। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम मेड़ो निवासी 85 वर्षीय पतिराम सिंहा का 25 नवंबर को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे,



उनका अंतिम संस्कार 26 नवंबर मंगलवार को ग्राम मेड़ो के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मोतीराम सिंहा के छोटे भाई, नारायण सिंहा, सुरेश सिंहा व रामचंद्र सिंहा के पिता और रामकिशोर सिंहा के दादा थे।

फर्जीवाड़ा : यूनियन बैंक शाखा प्रबंधक सहित तीन आरोपी गिरफ्तार, महिला आरोपी फरार

# गलत फोटो लगाकर बैंक से महिला की जमीन पर दस लाख का लोन निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- विकासखंड चारामा के ग्राम प्रधानडोंगरी कसावाही का मामला



जमीन मालिक महिला की जगह दूसरी महिला की फोटो लगाकर यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ मिलकर महिला की जमीन पर केसीसी लोन ले लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया वहीं महिला आरोपी फरार है, पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है।

विकासखंड चारामा के ग्राम प्रधानडोंगरी कसावाही निवासी 65 वर्षीय बिमला बाई पिता स्व. अयोध्या सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला को शिकायत देकर कार्यवाही की माँग किया था। पीड़िता ने बताया कि रानीडोंगरी निवासी 40 वर्षीय उग्रसेन सिंह पिता स्व. विक्रम सिंह ने शिकायतकर्ता के स्थान पर किसी अन्य महिला का फोटो लगाकर कुटरचना करके उसके नाम से धोखाधड़ी एवं यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक के साथ साँठ गांठ कर यूनियन बैंक शाखा कांकेर से छलपूर्वक केसीसी लोन निकाल लिया है। शिकायत आवेदन का जांच किया गया जांच पर आरोपी उग्रसेन सिंह ने दिसम्बर 2022 से 7 जनवरी 2023 तक यूनियन बैंक शाखा कांकेर मे लोन के लिए आवेदन पेश कर अज्ञात महिला, नोहरू राम मंडावी तत्कालीन शाखा प्रबंधक बी.आर. भारद्वाज द्वारा मिलकर शिकायतकर्ता बिमला बाई के स्थान पर किसी अन्य महिला का फोटो लगाकर कुटरचना शिकायतकर्ता के संयुक्त खाता की जमीन खसरा नंबर 276, 343, 347, 354, 376, 410, 442, 454, 468, 491, 500, 526 कुल भूमि 11.78 हेक्टेयर भूमि के एवज में नौ लाख नब्बे हजार रूपएं का धोखाधड़ी पूर्वक केसीसी लोन निकालना पाया गया जो, अपराध धारा 420, 409, 419, 467, 468, 471, 120 बी भादवि का अपराध आकर्षित होना पाए जाने से उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

### ठगी की रकम को वसूलने का प्रयास जारी

प्रकरण के विवेचना दौरान नामजद आरोपीगणों की पतासाजी कर उनके द्वारा अपराध घटना को अंजाम देने सबूत पाए जाने पर आरोपी तत्कालीन शाखा प्रबंधक बुधारू राम भारद्वाज पिता दाऊ राम भारद्वाज उम्र 58 वर्ष निवासी मंगला चौक बिलासपुर और उग्रसेन सिंह पिता स्व. विक्रम सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी रानीडोंगरी थाना नरहरपुर, नोहरू राम मंडावी पिता लच्छन मंडावी उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम पाण्ढर थाना आमाबेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में अन्य अज्ञात महिला आरोपी अपराध कायमी दिनांक से फरार है जिसका सरगर्मी से पता साजी किया जा रहा है। गिरफ्तार शुदा आरोपियों के बैंक अकाउंट को सीज की कार्यवाही किया जा रहा है एवं उनसे ठगी किए गए रकम का रिकवरी का प्रयास जारी है।

### कार्रवाई करने में टीम शामिल

थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, उप निरीक्षक राम कुमार साव, प्रधान आरक्षक सत्यप्रकाश सिंह, आरक्षक राकेश बघेल, आरक्षक अरूण मंडावी, संतोष मरकाम, ढालसिंग गंगासागर, अशोक मारगीया एवं महिला आरक्षक अंजली गोटा की भूमिका रही है।

## दीगर राज्य के घुमक्कड़ व्यापारियों से बढ़ा खतरा, पार्षद ने जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



कांकेर शहर और आसपास गांव में दीगर राज्य के कुछ लोग मोटर सायकल से पहुँचकर बिना बिल के सामान बेचते हुए घूम रहे है, वहीं शहर में लगातार चोरी और उठाईगिरी का भय बना हुआ है। दीगर राज्य से आने वाले ऐसे लोगों की जाँचकर कार्यवाही करने की माँग को लेकर पार्षद जयंत अटभैया व अन्य के साथ कांकेर थाना पहुँचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि मोमिन जमात खाना भंडारीपारा कांकेर में लघु व्यवसायी के रूप में लगभग 15 व्यक्ति निवासरत हैं, जो उत्तर प्रदेश से आकर यहाँ पर व्यवसाय कर रहे हैं। उन सभी 15 लोगों की पुलिस वेरिफिकेशन करने के उपरांत मुसाफिरी जारी किया जाए। नगर के विभिन्न स्थानों एवं नगर से लगे आसपास के गांवों में भी इस प्रकार लघु व्यवसायी के रूप में रहकर या अन्य प्रयोजनों जैसे मिस्त्री, टाईल्स वर्कर, रेजा कुली, ठेला में व्यवसायी के रूप में अवैध रूप से निवासरत हैं, उनकी सघन जॉच उपरांत ही मुसाफिरी प्रदान की जाए। कांकेर शहर में गलत ढंग से कई लोग फर्जी आधार कार्ड बनाकर रह रहे है। नगर में किराए के मकानों में रहने वालों की जानकारी भी एकत्रित किया जाए ताकि शहर में आए दिन जो चोरी की घटनाएँ हो रही है उस पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त नगर के हर मुहल्ले में नियमित गश्त सुनिश्चित किया जाए। भंडारीपारा भवन में जो 15 लोग रह रहे है, उसकी सूची भी पुलिस को सौंपी गई है। पार्षद ने कहा कि बिना जाँच परख के मकान मालिक ऐसे लोगों को कुछ समय के लिए किराए पर माकान दे देंते है और बाद में हादसा हो जाने पर पुलिस के चक्कर लगाने को मजबूर होते है। ज्ञापन सौंपने के दौरान दिनेश रजक, योगेश साहू, गोलू ठाकुर, महेंद्र क्षत्रिय आदि उपस्थित रहे।

### स्वरोजगार आवेदन 10 तक आमंत्रित

कांकेर। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए 10 दिसम्बर तक आवेदन करने का मौका दिया गया है। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।



## एनसीसी राष्ट्रीय एकता एवं अनुसाशन की है पाठ शाला

भानुप्रतापपुर। पीएमश्री भानुप्रतापपुर स्कूल में एनसीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व आर्मी के जवान गिरधारी नरेटी ने कहा एनसीसी हमें अनुशासन और एकता सीखाता है। इसके बदौलत हम अपने देश की प्रति समर्पित होकर देश के लिए कुछ घर गुजरने का जज्बा हमें पैदा होती है। एनसीसी के कैडेट्स को थल, जल और वायु सेना में जब भी भर्ती होती है तो एनसीसी को पहले प्राथमिकता दिया जाता है। आप इस एनसीसी में है, इसे लगन से अपने कार्यों को करते रहें, आगे इसका फल जरूर मिलेगा। मै भी एनसीसी का छात्र रहा हूं और इसी के बदौलत में इंडियन आर्मी में चयनित हुआ था। कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने कहा एनसीसी दिवस हम सबके लिए एक अनुशासन का संदेश देता है। आप सब अनुशासन में रहकर जिस तरह से अपने कर्तव्यों को निर्वहन करते रहे, यह सब हम सबको सीखने की जरूरत है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने छात्र-छात्राओं से कहा एनसीसी के आप कैडेट्स में अनुशासन की सीख मिलती है आगे जाकर आप देश सेवा में जरूर जाएं। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमार दुबे, हेम सोनवानी, एनसीसी के जिला संयोजक भागीरथी नायक, कमल विनायक सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## शराब पीने की सुविधा देने पर आरोपी पर की गई कार्रवाई



कांकेर। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कोर्रामपारा कुल्हाडकट्टा में छापामार कार्यवाई करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को घर के सामने कुछ लोगों को शराब पीने के लिए सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि आरोपी अपने घर के सामने कुछ लोगो को शराब पीने के लिए सुविधा दे रहा है। मिली जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 24 नवंबर कि शाम पौने 6 बजें छापामार कार्यवाई करते हुए आरोपी कोर्रामपारा कुल्हाडकट्टा निवासी रामदेव कोर्राम के घर सामने घेराबंदी कर दबिश दिया। शराब पीने वाले व्यक्ति पुलिस को आता देखकर इधर उधर भाग गए। मौके पर आरोपी कुल्हाड़कट्टा निवासी 34 वर्षीय रामदेव कोर्राम पिता रामचंद कोर्राम को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रूपए एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास, जिसमें शराब की गंध आ रही थी को जप्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## हल्बा हल्बी आदिवासी समाज की 36 केंद्रीय महासभा की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनेलीकन्हार




कांकेर के ग्राम धनेलीकन्हार में 24 नवंबर को महासभा की कार्यकारिणी की बैठक मुख्यालय बालोद में आयोजित किया गया। बैठक में समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य बिंदु शहीद शिरोमणि गेंद सिंह का 200वां शहादत दिवस राजधानी रायपुर में बड़े स्तर पर मनाने के आयोजन की योजना बनाना और इसमें सभी ब्लॉकों से सक्रिय सहयोग और सहभागिता की अपील की गई।

आयोजित अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज के आयोजन में समाज की एकता और शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। इसके साथ ही हल्बा युवा शक्ति महोत्सव की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। महोत्सव के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और समाज के युवा वर्ग को एक मंच प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में समाज के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुख पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में विनोद रावटे, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष लता उर्वशा, कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.दीपेश रावटे बैठक में महासभा की आगामी योजनाओं पर भी चर्चा हुई, जिसमें समाज के आर्थिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। यह बैठक समाज के विकास और एकजुटता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## उप मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

- चारामा में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया

चारामा। नगर चारामा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का 56 वें जन्म दिवस को धूमधाम से भाजपाइयों ने मनाया। इस दौरान सुबह से देर शाम तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सुबह पंडित दीनदयाल चौक, मुक्तिधाम, भारत माता चौक, अम्बेडर प्रतिमा स्थल, शहीद हेमंत दास मानिकपुरी प्रतिमा स्थल आदि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया गया। भारत माता चौक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के जन्म दिवस को मनाते हुए केक काटकर खुशी मनाया और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें नगर के कई युवाओं ने रक्तदान किया। नगर के जरुरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किया गया। कोरर चौक स्थित सांस्कृतिक भवन में भोजन प्रसादी के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक आशा राम नेताम, मत्स्य बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री आलोक ठाकुर, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नंद कुमार ओझा, सुरेश वाधवानी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, विजय मंडावी, उमा शर्मा, गौतम लुंकड़, ललित श्रीवास्तव, सत्येन गुप्ता, दीपक सोनकर, दीपांकर सिन्हा, संतोष नाहर, उत्तम साहू, संतोष ओझा, नंद किशोर गौतम, लोकेश बारसागढ़े, धर्मेन्द्र कुंजाम, अजय जगवानी, बंटी सबनानी, विजेन्द्र सिन्हा, राजेन्द्र ओझा, अमृत राज सिन्हा, भोज सोनी, राजू सोनी, करण निर्मलकर, मैकू वाल्मिकी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।



## तालाब लीज मामले पर दी पूर्व विधायक ने धरने की चेतावनी



कांकेर। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के द्वारा तालाब को लीज पर दिया गया है, जिस पर पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा ने कहा कि नियमों को ताक में रखकर करमोती में नियम विरुद्ध तालाब को लीज देने का आरोप है। मामले की जाँच को लेकर पत्र दिया गया था, परंतु कोई कार्यवाही नही होने पर पूर्व विधायक महिला समूह के साथ 26 नवंबर को जनपद कार्यायल के सामने धरना देने का ऐलान किया है। भाजपा के पूर्व विधायक व अजाजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष देवलाल दुग्गा ने प्रशासन को पत्र लिखकर मांग व धरने के संबंध में पत्र लिखा है, जिसमें उल्लेखित है कि अनुभाग भानुप्रतापपुर के आदेशानुसार निष्पक्ष जाँच न होना, महिला समूह को तालाब न मिलना, एक ही समूह को 4 तालाब अफसरों की मिलीभगत से दिया गया है, जिसके विरोध में 26 नवंबर को दोपहर 11 बजे जनपद कार्यालय भानुप्रतापपुर के समक्ष मांग निर्णय के लिए प्रदर्शन एवं धरना दिए जाने का ऐलान किया है। प्रदेश में सरकार भाजपा की है और भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक के द्वारा इस तरह का ऐलान करने से हडकंप मच गया है।

## चना मुर्रा बिखरा, बिक्रेता से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 37 में चना मुर्रा बेचने वाले युवक के साथ गांव के आरोपी युवक ने मारपीट कर चना मुर्रा से लदे वाहन को लात मारकर जमीन में गिरा दिया, जिससे सारा सामान जमीन में बिखर गया। पीड़ित की पत्नी ने आरोपी के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज कराया है। थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम पीव्ही 77 जगन्नाथपुर निवासी 35 वर्षीय बिनोता मंडल पति दिपांकर मंडल ने पुलिस को बताया कि गृहणी का काम करती हूं और 24 नवंबर की शाम करीबन 6 बजे मेरा बेटा विश्वजीत मुझे बताया कि दीपांकर मण्डल को घर के पास रोड में आरोपी पीव्ही 37 निवासी राहुल मिस्त्री उर्फ पिन्टु मिस्त्री गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर रहा है। जानकारी मिलते ही अपने गांव के मुखियाओं के साथ ग्राम पीव्ही 37 गई, वहाँ देखी तो मेरे पति को ग्राम पीव्ही 37 के लोग घेरकर खड़े थे। पति का वाहन, जिसमें वह चना मुर्रा बेचने का काम करता है, उस गाड़ी को पलटा कर गिरा दिया था और सामान पूरा नीचे बिखरा पड़ा था। मेरे पति से पूछी पिन्टू क्यों मारपीट किया तब मेरा पति बताया कि मैं ग्राम पीव्ही 37 में रोज की तरह रोड किनारे चना मुर्रा बेच रहा था। शाम पौने 6 बजें पिन्टु अपने ट्रैक्टर से आया और ट्रैक्टर से नीचे उतरकर मुझे गाली देते हुए मारपीट करने लगा। मेरा गाड़ी को लात मारकर गिरा दिया। मारपीट को देखकर गांव वाले आए, तब तक पिन्टू भाग गया। पीव्ही 37 के कुछ लोग बता रहे थे कि पिन्टू हमेशा नशा में रहता है, किसी से भी मारपीट लड़ाई झगड़ा करता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### भानबेड़ा स्कूल में नए खेल शिक्षक का किया स्वागत



भानुप्रतापपुर। शाउमावि भानबेड़ा में पिछले दो-तीन वर्षों से खेल शिक्षक के नहीं होने से बच्चों को खेल संबंधित विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। समस्याओं को देखते हुए विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक जो की भानबेड़ा में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के द्वारा खेल शिक्षक की मांग करते हुए आवेदन दिया गया। समस्या को देखते हुए तत्काल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा में खेल शिक्षक पदस्थ किया गया। नए खेल शिक्षक रवि प्रकाश लोह सिंह का स्वागत शाला विकास समिति के अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, सरपंच जागेश्वर सिंह नरेटी, प्राचार्य जेआर तेता व अन्य शिक्षको द्वारा किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

रासेयो शिविर कोदागांव के समापन सत्र में विधायक नेताम हुए शामिल

## रासेयो शिविर जिंदगी में जोश, उमंग एवं ऊर्जा का संदेश लेकर आता है और देता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा की थीम पर भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय कांकेर रासेयो इकाई द्वारा संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कोदागांव में 17 से 23 नवम्बर तक आयोजित किया गया था। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्वयं सेवक इन सात दिनों में तपने एवं सिखने आते है। इस सीख को जीवन में लागू करे क्योंकि एनएसएस संस्कार एंव समय सारणी के साथ चलना सिखाता है। आयोजित समापन समारोह के अवसर पर प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने कहा कि एनएसएस स्वामी विवेकनंद के आदर्शो पर संचालित है। उनका आदर्श वाक्य मैं नही आप स्वयं सजे वसुंधरा सवार दें पर आधारित हैं। स्वच्छता ही सेवा से तात्पर्य मस्तिष्क की स्वच्छता से भी है। पूरा शरीर मस्तिष्क से संचालित होता है, इसीलिए इसे स्वच्छ अर्थात सकरात्मक रखे एवं जीवन में आगे बढ़े। भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा एनएसएस में रहते हुए विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्र में पांरागत होते है, जो व्यक्तित्व निर्माण में निश्चित रूप से सहायक होता है। पूर्व मतस्य बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा ने सभी शिविरार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में 128 स्वयं सेवकों ने पूरे उत्साह, जोश, उमंग एवं ऊर्जा के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वच्छता, नशा मुक्ति, पोषण आहार, रोगमुक्त दिनचर्या जैसे विषयों पर अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। स्वच्छता, नलजल योजना का बाउण्ड्री करण, चबुतरा निर्माण, विभिन्न जगहों का समतलीकरण, नशामुक्ति, रक्तदान हेतु जागरूकता पर कार्य किया। इस तरह वे अनुशासन, एकता, समर्पण, मदद, भाईचारा, सेवा भाव आदि को सीखा। श्रेष्ट प्रदर्शन के लिए स्वयं सेवकों को पुरूस्कृत किया गया। इस शिविर में डॉ.डीएल पटेल कार्यक्रम समन्वयक रासेयो शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर एवं डॉ. अभिषेक मिश्रा जिला संगठक रासेयो का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। रेडक्रास प्रभारी प्रो. एनआर साव के अगवाई में अमित कटारिया, दानदाता केशकाल द्वारा ग्राम कोदागांव के जरूरतमंद ग्रामीणों को अतिथियों के करकमलों से कम्बल का वितरण किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अल्का केरकेट्टा, डॉ. आशीष नेताम, प्रो. विजय साहू एवं सहयोगी के रूप डॉ. रामचंद साहू, प्रिया सिन्हा, दिनेश वर्मा, सत्यप्रिया जैन ने किया।

आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण, दशरथ साहू, डॉ. एसआर बंजारे विभागाध्यक्ष हिन्दी, रेश्मा केसरी जनपद सदस्य, पंचू राम नायक सरपंच ग्रांम पंचायत कोदागांव एवं नागरिक एसआर साहू, एसआर कोरेटिया, मधु सुधन साहू, दयाराम आरदे, भावेश आरदे उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411